# जागरण : सागर : दमोह : रायसेन : विदिशा

राहतगढ़ ✹ खुरई ✹ पथरिया ✹ सिलवानी ✹ गैरतगंज ✹ गंजबासौदा ✹ सिरोंज ✹ बीना ✹ शमशाबाद

भोपाल 16 नवम्बर 2024


## स्कूल परिसर में दफनाया जा रहा था शव समझाइश के बाद मामला हुआ शांत





**जागरण, सागर।** यह खबर भी हैरत में डालने वाली है। शिक्षा विभाग की लापरवाही कहें या फिर मामलों को न समझ पाने की मानसिकता। यदि किसी सरकारी स्कूल को कब्रिस्तान बनाने की कोशिश हो और विभाग को मालूम ही न चले तो इसे आखिर क्या कहा जाए। सानौधा थाना क्षेत्र की एक स्कूल में शुक्रवार को कुछ ऐसी ही कोशिश हो रही थी लेकिन पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों की समझदारी से कोई विवाद नहीं हुआ और मामला समझाइश के बाद शांत हो गया।

इस मामले में सूत्रों के अनुसार स्कूल में कब्रिस्तान बनाने की जानकारी स्कूल के शिक्षकों को थी लेकिन किसी ने कोई कार्यवाही नहीं की। जिसके चलते गिरवर की शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला को कुछ लोगों ने कब्रिस्तान समझ लिया और शव को दफनाने के लिए पहुंच गए। जानकारी के अनुसार इस बात की शिकायत आसपास के लोगों द्वारा की गई तो बाल आयोग के सदस्य ओमकार सिंह ने तत्काल ही इसे संज्ञान में लेते हुए पहले पुलिस को सूचना दी और इसके बाद मौके पर पुलिस के साथ पहुंचकर शव को दफनाने से लोगों को रोका। आलम यह हो गया था कि एहतियात के तौर पर चार थानों की पुलिस मौके पर पहुंची तब जाकर अंतिम संस्कार को रोका जा सका।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अहमद खान पिता बब्लू खान उम्र 62 साल का शुक्रवार सुबह बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार के लिए ग्राम गिरवर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल परिसर की चहारदीवारी के अन्दर कब्र खोदी जा रही थी। जिसकी सूचना बाल आयोग सदस्य ओंकार सिंह को तथा तथा पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कब्र खोदने से रोक दिया। समझाइश का असर हुआ और लोग मान गए तब जाकर यह मामला शांत हुआ।

### पहले भी दफनाया जा चुका है शव !

सूत्रों के मुताबिक स्कूल परिसर में यह पहला मामला नहीं था कि जब लोग वहां शव को दफनाने के लिए पहुंचे हो। इससे पहले भी स्कूल परिसर के अंदर ही शव को दफनाया जा चुका है। ग्रामीणों की मानें तो 15 अगस्त 2024 को स्कूल प्रांगण में एक शव को दफनाया गया था जिसकी जानकारी स्कूल स्टाफ सहित गांव के सरपंच को भी थी लेकिन किसी ने कोई कार्यवाही नहीं की जिसके चलते स्कूल परिसर को कब्रिस्तान समझ लिया गया और एक बार पुनः लोग यहां शव को दफनाने के लिए पहुंच गए। चूंकि इस तरह की सूचना गंभीर थी इसलिए वहीं मौके पर रहली एसडीओपी प्रकाश मिश्रा, नायब तहसीलदार विजयकान्त त्रिपाठी, सानौधा थाना प्रभारी भरत सिंह ठाकुर, एसआई बालाराम छारी, शाहपुर चौकी प्रभारी राजेश शर्मा, गढ़ाकोटा थाना प्रभारी रजनीश दुबे, पटवारी नंदनी मिश्रा, रमेश गौर सरपंच गिरवर सहित मौके पर भारी पुलिस बल सहित मृतक के परिवार एवं रिश्तेदार मौजूद रहे। इन सभी लोगों ने संबंधित परिजनों व अन्य लोगों से बातचीत करते हुए समझाइश दी कि स्कूल परिसर में किसी तरह का कब्रिस्तान नहीं है और यहां अंतिम संस्कार करना उचित नहीं। हालांकि मामले में थाना पुलिस ने किसी तरह का मामला दर्ज नहीं किया गया है और अधिकारियों एवं संबंधितों की सहमति के बाद इस प्रकरण का निराकरण किया गया।

### इनका कहना है

मामले में समझाइश के बाद लोग मान गए। किसी तरह का विवाद या अप्रिय स्थिति नहीं हुई।

**– भरत सिंह ठाकुर**
**थाना प्रभारी सानौधा**


# हमारे गौर साहब : भारतरत्न के लिए अब की बार सशक्त मुहिम

## डॉ.गौर के अतुलनीय योगदान पर विवि की विशेष समिति देगी रिपोर्ट

## गौर सप्ताह के दौरान भी चलाया जाएगा हस्ताक्षर अभियान

**जागरण, सागर।** हमारे गौर साहब को भारतरत्न मिले, इसके लिए विवि प्रशासन पहली बार सशक्त मुहिम डॉ.गौर जयंती के विविध आयोजनों के दौरान शुरू करने जा रहा है। आमजन और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के सहयोग से डॉ.गौर के अतुलनीय दान और योगदान को विशेष समिति अपनी रपट में रेखांकित करेगी और इसे देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मु यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा। वहीं गौर सप्ताह में इस मुहिम के तहत हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जाएगा।

डॉ.हरीसिंह गौर की 155वीं जयंती पर 20 नवंबर से 26 नवंबर तक गौर उत्सव 2024 का आयोजन होगा। साथ ही भारतीय विश्वविद्यालय संघ नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में मध्य क्षेत्र अंतरविश्वविद्यालयीन युवा उत्सव 2024-25 गौर गौरव उत्सव 26 से 30 नव बर तक आयोजित किया जा रहा है। इन आयोजनों को लेकर कुलपति प्रो.नीलिमा गुप्ता ने शुक्रवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्हें जानकारी दी। इन कार्यक्रमों की जानकारी से इतर यह मु य बात रही कि विवि प्रशासन इस बार डॉ.गौर को भारतरत्न दिए जाने की बहुप्रतीक्षित मांग को लेकर सशक्त और सुनियोजित तैयारी कर रहा है। कुलपति ने कहा कि डॉ.गौर को भारत रत्न मिले, इसके लिए विश्वविद्यालय लगातार प्रयास कर रहा है। संस्थानिक, राजनीतिक और सामाजिक प्रयासों की एकजुटता से हम डॉ.गौर को देश का सर्वोच्च स मान दिलाने में अवश्य सफल हो सकते हैं। इस युवा उत्सव पर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि डॉ.गौर जयंती पर प्रयास है कि हम गौर संग्रहालय की शुरुआत करें, उनकी स्मृतियों को सहेजें और उनके साहित्य से लोगों को परिचित कराएं ताकि उनके अद्वितीय योगदान का प्रचार-प्रसार हो सके। वहीं भारतरत्न की मुहिम के तहत विवि ने एक समिति गठित की है जो डॉ.गौर के बहुआयामी कार्यों को प्रमुखता और सशक्तता से अपनी रिपोर्ट में शामिल करेगी। आयोजनों में दक्षिण अफ्रीका से 40 सदस्यीय टीम भी शिरकत करेगी। गौर जयंती के मौके पर विश्वविद्यालय में एक सप्ताह तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। साथ ही, पांच दिवसीय युवा उत्सव भी आयोजित किया जा रहा है। गौर जयन्ती पर गौर पीठ की स्थापना के लिए एक लाख रुपये या उससे अधिक दान करने वाले



दानदाताओं का विश्वविद्यालय द्वारा स मान किया जाएगा। गौर उत्सव आयोजन के मु य समन्वयक प्रो.डीके.नेमा ने आयोजन की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। युवा उत्सव के सचिव डॉ.राकेश सोनी ने 26 से 30 नवंबर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम के बारे में बताया कि आयोजन में मध्य क्षेत्र के विश्वविद्यालयों के लगभग 1200 प्रतिभागी सहभागिता करेंगे। इसमें विजयी प्रतिभागी और दल राष्ट्रीय युवा उत्सव में प्रतिभागिता के लिए चुने जाते हैं। डॉ.हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय को पहली बार मध्य क्षेत्र युवा उत्सव की मेजबानी मिली है। इसमें 28 विधाओं की प्रतियोगिताएं संपन्न होंगी। आयोजन की निष्पक्षता के लिए अधिकृत निर्णायक मंडल बाहर से आएंगे। कार्यक्रम का संचालन मीडिया अधिकारी डॉ.विवेक जायसवाल ने किया।

### गौर जयंती पर रेडियो पर विशेष प्रसारण

गौर जयंती के अवसर पर 25 नवंबर शाम 6.30 बजे आकाशवाणी सागर से डॉ.गौर की जीवनी पर आधारित रेडियो वार्ता का प्रसारण होगा। आयोजनों की कड़ी में 20 नव बर मैत्री क्रिकेट मैच, विश्वविद्यालयीन अन्तरशाला विद्यार्थी प्रतियोगिताएं होंगी। इसके साथ ही अगले दिनों में प्रतियोगिताएं, मेले आदि का आयोजन होगा। 25 से 26 नव बर प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक गौर साहित्य प्रदर्शनी जवाहरलाल नेहरू पुस्तकालय में। 25 नव बर को शाम 6 बजे से गौर मूर्ति पर दीप प्रज्जवलन। 26 नव बर को प्रातः 8.30 बजे गौर मूर्ति तीनबत्ती पर कुलपति द्वारा माल्यार्पण एवं उद्बोधन होगा। गौर शोभा यात्रा प्रातः 8.30 बजे से गौर मूर्ति तीनबत्ती से विश्वविद्यालय प्रांगण तक। गौर समाधि प्रांगण में प्रातः 10.30 बजे से गौर जयंती मु य समारोह। शाम 6 बजे गौर समाधि प्रांगण में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक संध्या की प्रस्तुति होगी।

## मोगली टीम ने पेंच टाइगर रिजर्व में देखा टाइगर




**जागरण, सागर।** जिले की मोगली टीम ने 11 नवंबर से 13 नवंबर तक राज्य स्तरीय मोगली महोत्सव 2024 सिवनी के पेंच टाइगर रिजर्व नेशनल पार्क में सहभागिता की। इस दल का चयन कलेक्टर की अध्यक्षता में स्कूल शिक्षा विभाग एवं इ को पर्यावरण नियोजन जैव विविधता बोर्ड के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित मोगली प्रतियोगिता के द्वारा हुआ था। दल में कनिष्ठ वर्ग से रेशमा पटेल, आदित्य लोधी, वरिष्ठ वर्ग से अनिका जैन एवं श्रेयांश जैन का चयन जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता के दौरान हुआ था। क्विज मास्टर के रूप में आरपी अग्निहोत्री प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल पिपरिया चमारी एवं मार्गदर्शी शिक्षिका के रूप में मिथलेश अग्निहोत्री प्राथमिक शिक्षक शासकीय माध्यमिक शाला छापरी ने सहभागिता की। सफारी के माध्यम से पेंच टाइगर रिजर्व के कोर जोन में विभिन्न प्रकार के पक्षी नीलकंठ, दूधराज जंगली जानवर सांभर स्पॉट डियर नीलगाय सियार गौर तथा टाइगर को देखा।

## नाबालिग से दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, सागर।** नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले फरार आरोपी को सुरखी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना सुरखी में 22 जुलाई 2024 को सुरखी निवासी फरियादी ने अपनी नाबालिग लड़की को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में रिपोर्ट लेख कराई थी। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 361/2024 खंड 137(2) बीएनएस 2023 कायम किया जाकर प्रकरण की विवेचना के दौरान 22 सितंबर को नाबालिग अपहृता को झज्जर हरियाणा से दस्तयाव किया। पीडिता के न्यायालय से खंड 180 बीएनएसएस के कथन कराये गये। पीड़िता द्वारा बताया गया कि आरोपी कपिल बाल्मीकि द्वारा उसे डरा-धमकाकर भगा ले गया था और उसके साथ गलत काम किया। प्रकरण में खंड 96, 64, 64(2)एम, 351(2) बीएनएस 3/4, 5/6 पाक्सो एक्ट का इजाफा किया गया। प्रकरण का आरोपी घटना दिनांक से ही फरार चल रहा था जो आरोपी की लगातार तलाश पतारशी की जा रही थी। आरोपी के संबंध में मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि उक्त आरोपी कपिल पिता देवी उम्र 23 साल दिल्ली से सागर ट्रेन द्वारा आ रहा है जो तुरंत टीम द्वारा मुखबिर के बताये अनुसार रेलवे स्टेशन सागर पहुंचकर आरोपी को पकड़ने हेतु घेराबंदी की गई। आरोपी को थाना सुरखी पुलिस टीम द्वारा रेलवे स्टेशन सागर से गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी सुरखी एसआई शशिकांत गुर्जर, चौकी प्रभारी बिलहरा सउनि अभिषेक पटैल, प्रआर अमित सहित अन्य की सराहनीय भूमिका रही।

## राजस्व महा अभियान 3.0 का क्रियान्वयन 15 दिसंबर तक

**जागरण, सागर।** जिले में 15 नव बर से 15 दिसंबर 2024 तक राजस्व महाअभियान 3.0 का आयोजन किया जाना है। जिला स्तर पर प्रभारी अधिकारी भू.अभिलेख एवं अनुविभाग स्तर पर संबंधित अनुविभागीय अधिकारी इस अभियान के नोडल अधिकारी होंगे। इस अभियान में कई गतिविधियां संपादित की जाना है। समय सीमा बाह्य बंटवारा प्रकरणों का निराकरण, नवीन दर्ज बंटवारा प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण। 06 माह की अवधि से लंबित सभी प्रकार के अभिलेखों के शुद्धिकरण के प्रकरणों का निराकरण। आरसीएमएस पर दर्ज लंबित सीमाकंन प्रकरणों का त्वारित निराकरण। धारा 131 के तहत मान्यता प्राप्त सड़क, रास्ते, सार्वजनिक भूमियों का चिन्हांकन। इसके तहत रास्ता विवाद, जल निकासी विवाद आदि प्रकरणों का निराकरण आदि शामिल हैं।

## डॉ.त्रिपत कौर ने गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेका



**जागरण, सागर।** सतनाम नर्सिंग होम के संचालक, प्रतिष्ठित, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.गुरनाम सिंह की पत्नी एवं सतनाम वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष जनसेवक मनी सिंह गुरोन की माता डॉ.त्रिपत कौर ने शुक्रवार को गुरुनानक जयंती के अवसर पर गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेका। कुछ दिनों पहले अचानक सेहत बिगड़ने के बाद उन्हें गंभीर हालत में चंडीगढ़ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ईश्वर की कृपा और प्रार्थना से अब वे खतरे से बाहर हैं। मनीसिंह गुरोन ने कहा कि यह सब चिकित्सकों के बेहतर इलाज के साथ प्रभु के चमत्कार का परिणाम है। शुक्रवार को गुरोन अपनी मां त्रिपत कौर के साथ भगवानगंज स्थित गुरुद्वारा पहुंचे जहां उन्होंने माथा टेका और गुरुद्वारा प्रबंधन को 11 हजार की सहयोग राशि भेंट की। गुरुद्वारा साहिब में गुरुसिंघ सभा सागर के प्रधान सतिंदर सिंग होरा, ज्ञानी गुरबचन सिंघ, सेवादार अर्पण सिंघ, नरिंदर सिंघ अजमानी, अहलूवालिया व कंग परिवार के सदस्य मौजूद थे।

## भीम वार्ड के सीसी रोड निर्माण को अध्यक्ष ने रुकवाया



**जागरण बीना।** शहर के मनोरमा वार्ड, सुभाष वार्ड, बिलगैयां वार्ड एवं भीम वार्ड में नगरपालिका द्वारा सीसी रोड निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं जिसका निरीक्षण नगरपालिका अध्यक्ष लता सकवार ने मौका स्थल पर जाकर किया। वार्डों में हो रहे विकास कार्य को देखते हुये भीम वार्ड में जीणमाता कंस्ट्रक्शन द्वारा सीसी रोड निर्माण कार्य किया जा रहा था जिसमें नपाध्यक्ष को गुणवत्ताहीन कार्य दिखा और उन्होनें तुरंत कार्य को रूकवाया। नगरपालिका अध्यक्ष नगरपालिका अधिकारी एवं पार्षदों के साथ वार्डों में हो रहे कार्यों का निरीक्षण करने पहुंची। जहां पर भीम वार्ड में जीणमाता कंस्ट्रक्शन द्वारा सीसी का रोड का निर्माण गुणवत्ताहीन किया जा रहा था। निर्माण कार्य में मटेरियल बहुत ही घटिया और गिट्टी की कमी पाई गई। जिस कारण नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमति सकवार ने उक्त कार्य को देखते हुये संबंधित अधिकारी को निर्देशित कर तत्काल कार्य बंद कराया और कहा कि किसी भी कार्य में गुणवत्ता से समझौता न किया जायेगा।

### 98 पाव देशी अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जागरण बीना।** भीम वार्ड में पुलिस ने एक आरोपी के पास से 98 पाव देशी अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार को सुबह लगभग 10 बजे मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि भीम वार्ड में इकबाल सिंह कोहली पिता हरभजनसिंह कोहली आयु 31 वर्ष द्वारा अवैध शराब का विक्रय किया जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को एक नीले थैले के साथ गिरफ्तार किया है जिसमें 73 पाव देशी मसाला एवं 25 पाव देशी प्लेल कुल 98 पाव अवैध शराब रखे हुये था । जिसकी कीमत 9300 रूपये आंकी गई है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत धारा 34 (2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## गर्मी के मौसम में हो सकता है भारी जल संकट, नदियों से सिंचाई बड़ी वजह

जागरण बीना। इस वर्ष कुदरत मेहरबान रहा और अच्छी बारिश हुई जिससे लोगों को लग रहा है कि गर्मी के मौसम में पानी के लिये परेशान नहीं होना पड़ेगा। लेकिन नदियों में बड़ी-बड़ी मोटर डालकर नदियों को खाली किया जा रहा है जिससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि गर्मी के मौसम में भारी जल संकट हो सकता है। बेतवा नदी, बीना नदी, सिलार नदी एवं नरेन नदी के पानी से किसानों द्वारा बेधड़क पानी निकाला जा रहा है जिससे नदियों का जल स्तर तेजी से कम हो रहा है। सर्दियां प्रारंभ होने से पहले ही नदियां पूरी तरह से सूखती नजर आ रही है अगर सर्दियों में यह हाल है तो गर्मियों में क्या होगा। नदियों से पानी निकालने के बावजूद भी प्रशासनिक अधिकारी सार्वजनिक जल स्त्रोंतो से पानी उठाने के मामले में गंभीर नहीं है। नदियों, तालाबों एवं सार्वजनिक जल स्त्रोंतो से हो रही सिंचाई के चलते क्षेत्र का जल स्तर तेजी से खिसक रहा है। सर्दी के मौसम में ही सिंचाई के चलते क्षेत्र की नदियों की धार टूटती जा रही है। किसान नदी-तालाबों का पानी सिंचाई कर खाली कर रहे हैं। सर्दी के मौसम में ही नदियों की धार ने दम तोड़ दिया है। क्षेत्र की बीना, बेतवा एवं नरेन नदी से किसान बड़ी-बड़ी मोटरों



फाइल फोटो

से पानी निकाल कर फसलों की सिंचाई कर रहे हैं। इस कारण दिन-प्रतिदिन नदियों में पानी कम होता जा रहा है। शहर के पास से निकली बीना नदी पर सैंकड़ों मोटरों से दिन-रात पानी खींच कर बेधड़की से सिंचाई की जा रही है। प्रशासन द्वारा सिंचाई पर रोक लगाने के लिए कोई विशेष कदम नहीं उठाए जाने के कारण नदियों से पानी खत्म होता जा रहा है। अगर प्रशासन द्वारा नदियों से हो रही सिंचाई पर नियंत्रण नहीं किया गया तो ग्रीष्मकाल में विकराल जल संकट की स्थिति निर्मित हो सकती है।

हालाकि इस संबंध में किसानों का कहना है कि अच्छी फसलों के लिए पानी की जरुरत है। फसल बचाने के लिये सिंचाई तो करनी ही पड़ेगी, चाहे पानी कहीं से भी मिले। अगर फसलों के लिए पानी नहीं मिला तो पैदावार पर गहरा असर पड़ेगा।

### नल जल योजना हो जाएगी ठप

विधानसभा क्षेत्र बीना का ग्राम खिमलासा जो खुरई अनुविभाग में आता है। यह ग्राम पूरी तरह से नल जल योजना पर आश्रित है। यहां की नल जल योजना लेहटवास से निकली नरेन नदी से संचालित है। नरेन नदी पर संचालित नल जल योजना के प्रतिबंधित क्षेत्र से किसानों द्वारा सिंचाई के लिए एक साथ दर्जनों बड़ी-बड़ी मोटरों से पानी उठाया जा रहा है। ग्राम पंचायत प्रशासन एवं प्रशासनिक अधिकारी हाथ पर हाथ रखे बैठे हैं। किसानों द्वारा लगातार पानी उठाने से नरेन नदी की धार टूट चुकी है। अब केवल कुण्डों में ही पानी दिखाई दे रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों की अभी कुंभकर्णी नींद नहीं खुली तो 20 हजार की आबादी वाले ग्राम के लोग पानी की बूंद-बूंद को मोहताज हो जाएंगे। यही हाल बीना नदी का भी है जहां बडी बडी मोटरों से लगातार पानी उठाकर किसान अपने खेतों की सिंचाई कर रहे हैं। अगर शीघ्र ही सार्वजनिक जल स्त्रोतों को हो रही सिंचाई पर रोक नहीं लगाई गई तो आगामी ग्रीष्मकाल में पानी की समस्या विकराल रूपधारण कर सकती है।

**सख्ती** | लापरवाही पर निगमायुक्त ने की चालानी कार्यवाही

# स्वच्छता की उत्कृष्टता के लिए अपनाया सख्त रवैया



**जागरण, सागर।** निगम द्वारा शहर की स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाने और नागरिकों की सुविधा के लिए सार्वजनिक शौचालयों, जन सुविधा केंद्र और मॉडर्न शौचालयों का निर्माण किया गया है। इनका समय पर खुलना, साफ-सफाई और संचालन नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिये।

यह निर्देश निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने शुक्रवार प्रातः निरीक्षण के दौरान दिये। उन्होंने कहा कि इन सार्वजनिक शौचालयों, जन सुविधा केंद्र और मॉडर्न शौचालयों से दी जाने वाली सुविधाओं का सुचारू संचालन सुनिश्चित करना संचालन एजेंसियों की जि मेदारी है। उन्होंने विभिन्न सार्वजनिक शौचालय के संचालन में लापरवाही बरतने और प्रातः निरीक्षण के दौरान बंद पाये जाने पर संचालन एजेंसियों पर कुल 38 हजार रूपये की चालानी कार्यवाही करायी। इसके साथ ही निगम आयुक्त के निर्देश अनुसार स्वास्थ्य विभाग एवं अतिक्रमण टीम द्वारा गुरुवार की रात्रि में विभिन्न स्थानों पर शराब दुकानों के आसपास गंदगी पाए जाने पर 23 हजार 5 सौ रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। कुल 61 हजार 5 सौ रुपए की चालानी कार्रवाई की गई।

### इनके विरुद्ध की गई चालानी कार्रवाई

पुराने कलेक्टरेट परिसर में बना जन सुविधा केंद्र जिसके कारण संचालन एजेंसी पर 8 हजार, पुरानी तहसील परिसर में बने दो मॉडर्न शौचालय पर 15-15 हजार रुपए। शहर की देशी एवं अंग्रेजी शराब दुकानों जिनमें जवाहरगंज, कटरा, राधा तिराहा, रेलवे स्टेशन, गुरु गोविंदसिंह वार्ड वल्लभनगर, राजीव नगर, काकागंज, धर्मश्री, गऊघाट, सिविल लाइंस शराब दुकान पर 23500 रुपए चालानी कार्रवाई की गई। इस कड़ी में आयुक्त ने पुरानी तहसील तिराहा के पास स्थित एक किराना दुकान और सांची दूध पार्लर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, दुकानों पर डिस्पोजल और अन्य अमानक प्लास्टिक सामग्री पाई गई। आयुक्त ने मौके से इन सामग्रियों को जब्त कराया और संबंधित दुकानदारों को चेतावनी दी कि अगर आगे ऐसी गलती दोबारा हुई तो चालानी कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने जिला पंचायत चौराहे से कमिश्नर निवास की ओर जाने वाली रोड का भी उन्होंने निरीक्षण किया और इस सड़क के सौंदर्यकरण करने के निर्देश भी दिए। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण प्रभारी कृष्णकुमार चौरसिया, राजू रैकवार, स्वच्छता निरीक्षक अनुरुद्ध चाचौंदिया सफाई दरोगा अनिल घारू, अजय रैकवार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजित

**जागरण बीना।** गुरूवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय में जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक निर्मला सप्रे उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यलाय प्राचार्य डॉ.चंदा रत्नाकर ने की। इस अवसर पर विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि खिलाड़ियों का मन मजबूत होना चाहिए एवं खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलते हुए हौंसला बनाए रखना चाहिए। हार भी जाओ तो गम ना करो फिर से खेलो हौसला कम ना करो। प्राचार्य डॉ.चंदा रत्नाकर ने कहा कि जितना कठिन संघर्ष होगा जीत भी उतनी ही शानदार होगी। इसलिए खेल के मैदान में ईमानदारी से अपना प्रदर्शन करना चाहिये। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्रीमती सोनाली राय ने कहा कि हार और जीत दोनों ही खेल के पहलू हैं हमें आज जीत और हार को ध्यान न देते हुए आज सीख कर जाना है ताकि हम भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन दे सकें। इस प्रतियोगिता में शासकीय कन्या महाविद्यालय बीना, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीना, शासकीय कन्या महाविद्यालय सागर, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रहली,



शासकीय महाविद्यालय देवरी, शासकीय महाविद्यालय खुरई, शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर, शासकीय महाविद्यालय गढ़ाकोटा ने सहभागिता दी है। निर्णायक के रूप में हरिओम विश्वकर्मा, अंपायर वेद प्रकाश प्रजापति, अंपायर पुष्पेंद्र कुर्मी, स्कोरर शिखा मिश्रा, टाइम कीपर नासिर खान उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में कुल 10 मैच खेले गए जिसमें रानी अवंती बाई लोधी विश्वविद्यालय सागर के अंतर्गत फाइनल में शासकीय महाविद्यालय खुरई एवं शासकीय महाविद्यालय बीना के बीच मैच हुआ। जिसमें विजेता टीम शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीना रही एवं उपविजेता टीम शासकीय महाविद्यालय खुरई रही। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड छतरपुर विश्वविद्यालय के अंतर्गत फाइनल में विजेता शासकीय कन्या महाविद्यालय बीना और उपविजेता शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीना रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ.उमा लवानिया एवं खेल प्रभारी अमन आर्य ने किया। कार्यक्रम का आभार डॉ.निशा जैन ने व्यक्त किया।

## न्यूज कार्नर

### मल-मूत्र सड़क पर बहने से लोग परेशान



**हटा।** हटा में एक ओर नगरपालिका समग्र स्वच्छता अभियान के प्रचार प्रसार पर लाखों रुपये व्यय कर रही है दूसरी ओर नगर पालिका की नाक के नीचे बस स्टैंड पर अस्थायी रूप से रखे पीव्हीसी टॉयलेट में पुख्ता इंतजाम न करने से मूत्र मुख्य मार्ग पर बह रहा है इस प्रकार एक अजीब और अस्वास्थ्यकर स्थिति सामने आई है। यह समस्या लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई है और स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक हो सकती है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि टॉयलेट में आउटलेट का कनेक्शन नाली में न करने और सोखता गड्ढा न बनाने के कारण समस्या उत्पन्न हुई है। मूत्र सड़क पर बहने से बदबू और गंदगी फैल रही है जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। स्थानीय निवासी रीतेश साहू ने कहा यह समस्या बहुत बड़ी है। हमें इसे जल्द से जल्द हल करने की जरूरत है। नपा सीएमओ राजेन्द्र खरे ने कहा है कि वे अवकाश पर है। ड्यूटी पर कर्मचारी को बोलता हूं जल्द ही इस समस्या का हल करेंगे।

### स्कूल की बाउंड्री पर बनाया मकान

**हटा।** हटा में सड़क तालाब तलैया मुक्तिधाम कब्रिस्तान आम रास्तेएस्कूल परिसर अतिक्रमण के शिकार है लेकिन नगर के पीएम श्री एमएलबी स्कूल में पीछे तरफ स्कूल की बाउंड्री पर ही मकान बना दिये गए। स्कूल प्रबंधन ने राजस्व और नगर पालिका को कई बार लिखित में शिकायते भी भेजी किन्तु कोई असर नही हुआ। अतिक्रमण कारी घरों का कचरा भी स्कूल परिसर में डालते है यह गड़बड़ी कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने पिछले दिनों स्कूल भ्रमण पर देखी थी और स्कूल प्राचार्य को समुचित प्रबंध के नीर्देश दिये थे ताकि कचरा स्कूल प्रांगण में न डाला जाए किन्तु न तो स्कूल प्रबंधन ने कोई उपाय किये और न ही अतिक्रमणकारियों ने कचरा डालना बन्द किया जिसका खामियाजा स्कूली छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है।

# स्वदेशी मेले का आगाज, परिसर में विराजे रामलला बने आमजन की आस्था और आकर्षण का केन्द्र

## राज्यमंत्री पटैल और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर 11 दिवसीय मेला का किया प्रारंभ, कत्थक नृत्य की प्रस्तुति ने बांधा समां

**जागरण दमोह।** नगर के तहसील मैदान में स्वर्णिम भारत फाउंडेशन द्वारा 14 नवंबर से 24 तक आयोजित किया जा रहे 11 दिवसीय स्वदेशी मेले का गुरुवार को भव्य शुभारंभ हुआ। स्वदेशी और स्वावलंबी भारत की कल्पना को जन-जन तक ले जाने और उसे उसके माध्यम से देश को स्वावलंबी और रोजगार का सृजनकर्ता बनाने की मंशा को लेकर आयोजित किये जा रहे इस मेले के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पशुपालन और डेयरी विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सह समन्वयक स्वावलंबी भारत अभियान जितेन्द्र गुप्त, विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया, अध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया और राष्ट्रीय सह समन्वयक, स्वदेशी जागरण मंच सतीश कुमार की उपस्थिति में मां सरस्वती भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद मंच पर कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।



मेला परिसर में आमजन के लिए स्वदेशी अवधारणा से जोड़ने के लिए आयोजन समिति के द्वारा कई नई चीजों को लाया गया है जिसमें पहली बार स्वदेशी ग्राम की परिकल्पना लोगों को देखने मिलेगी। इस ग्राम के माध्यम से भारतीय ग्रामीण परिवेश और जनजीवन को लोगों के समक्ष उतारा गया है, जिसे मेले में आने वाले आमजनों द्वारा पसंद किया जा रहा है। इसके अलावा मेला परिसर में बनाया गया प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर और उसमें विराजी अयोध्या के रामलला की प्रतिकृति मेले में दर्शनीय है। शुभारंभ के पूर्व आयोजन समिति द्वार विधि विधान से रामलला का पूजन अर्चन और आरती की गई। इसके अलावा मेले में स्वदेशी उत्पादों, खानपान से जुड़े स्टॉल और मनोरंजन के साधन भी दर्शनीय है।

मंचीय कार्यक्रमों की संख्या में मेला के प्रथम दिवस नादयोग गुरुकुल इंदौर की डॉ. रागिनी मक्कड़ और उनकी टीम के द्वारा कथक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। जिसे लोगों द्वारा अत्यधिक पसंद किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ के पूर्व स्वदेशी जागरण मंच और स्वदेशी भारत फाउंडेशन के राष्ट्रीय पदाधिकारी द्वारा मेला आयोजन समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की। उन्हें आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए यह स्पष्ट किया कि मेले का उद्देश्य भारतवासियों को स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूकता स्वदेशी बाजार को बढ़ावा देने और हमारे ग्रामीण उद्योगों को आगे ले जाने के लिए है। राष्ट्रीय सह समन्वयक, स्वदेशी जागरण मंच सतीश कुमार ने कहा कि पूर्व में आयोजित मेले की तरह इस मेले के माध्यम से भी यह प्रयास किया जाए की मेले के बाद स्थानीय और ग्रामीणों को अधिकाधिक रोजगार के अवसरों का सृजन हो सके।

# शहर में श्रद्धा पूर्वक मनाया गया श्री गुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व

**जागरण दमोह।** सिखों के पहले गुरु गुरुनानक देवजी का 555वां प्रकाश पर्व बहुत ही मान सत्कार से आज दमोह की समूह संगत द्वारा मनाया गया। गुरु नानक देव के वाणी से निकला हर एक शब्द अमृत के समान है, उनके विचार हमारे जीवन में सुख और शांति लाते हैं। एक ओंकार सतिनाम, करता पुरखु निरभऊ। निरबैर, अकाल मूरति, अजूनी, सैभं गुर प्रसादि।। अर्थात भगवान एक हैं जो सत्य हैं जो निर्माण करता हैं जो निडर हैं जिसके मन में कोई बैर नहीं हैं, जिसका कोई आकार नहीं हैं, जो जन्म मृत्यु के परे हैं जो स्वयं ही प्रकाशित हैं इनके नाम के जप से ही उसका आशीर्वाद मिलता हैं। गुरु नानक देव जी की शिक्षा का मूल निचोड़ यही है कि परमात्मा एक, अनन्त, सर्वशक्तिमान, सत्य, कर्त्ता, निर्भय, निर्वर, अयोनि, स्वयंभू है। वह सर्वत्र व्याप्त है। इस प्रकार गुरु ने अपनी आध्यात्मिक यात्राओं के जरिये विभिन्न स्थानों पर समाज के विभिन्न वर्गों को मानवता के एकसूत्र में पिरोने का अद्भुत और अकल्पनीय प्रयास किया। गुरु नानक देव जी के दर्शनों से कभी पवित्र हुए इन स्थानों को आज गुरु नानक देव जी के आदर्शों पर चलने की महती आवश्यकता है। आतंकवाद और सामाजिक कटुता से जूझते लोगो के लिए गुरु नानक देव जी के उपदेश आज और अधिक प्रासंगिक हैं।



गुरुनानक देव का संदेश एक पिता एकस के हम बारिक, ये उपदेश हमें शिक्षा देता है कि दुनिया में सभी इंसान एक समान हैं, एक ही पिता की संतान हैं, आज गुरु साहिबान की शिक्षा को आत्मसात करके अपना, समाज और राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने की जरूरत है। इंदरजीत सिंह अरोरा ने बताया की। इस अवसर पर आज गुरुद्वारा में सहज पाठ साहिब की समाप्ति उपरान्त रागी जत्था भाई जसपाल सिंह द्वारा एवं गुरुनानक स्कूल के बच्चों द्वारा शबद कीर्तन गुरबानी से संगत को निहाल किया। समाप्ति उपरांत गुरु का अटूट लंगर सभी धर्म प्रेमियों के लिये वरताया गया। जिसमें लगभग 5000 लोगों ने लंगर छका। इसमें दमोह की समूह संगत का भरपूर सहयोग रहा। गुरद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष स. बलबीर सिंह सलूजा अतः सचिव अमरजीत सिंह छाबड़ा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### केंद्रीय विद्यालय हटा में बाल दिवस समारोह

**दमोह।** केंद्रीय विद्यालय हटा में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मजयंती पर आयोजित बाल दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्साह और जोश के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों ने गीतए संगीत और नृत्य की प्रस्तुति के द्वारा जीवंत कर दिया। इस अवसर प्राथमिक विभाग के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा एक और दो संवर्ग में क्रमशः अन्वी तिवारी, मानवी राय और शैलजा नामदेव प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर विजेता रहे तथा कक्षा 3 से 5 संवर्ग में माही शुक्ला ने प्रथम, आन्या ने द्वितीय और शिक्षा साहू ने तृतीय पुरस्कार जीता। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री रितेश कुमार पटेल ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं और उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया। इस समारोह का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना और उन्हें अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करना था। संचालन कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के सीसीए प्रभारी सिद्धार्थ मणि त्रिपाठी द्वारा किया गया। गीत, संगीत और नृत्य को तैयार करने में संगीत शिक्षक नवल किशोर मिश्र ने अतुलनीय प्रयास किया।

### खाद्यान्न पर्ची न होने से गरीब राशन के लिए परेशान शीघ्र राशन पर्ची दिलाने की मांग



**जबेरा।** जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बिजोरा में एक गरीब खाद्यान्न पर्ची न होने की वजह से राशन के लिए भटक रहा है किंतु पंचायत सचिव के मनमाने रवैए के कारण हितग्राही कि खाद्यान्न पर्ची नहीं बन पा रही है। जिसको लेकर हितग्राही ने जबेरा जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह से शिकायत करते हुए बताया कि ग्राम रोहिणी के निवासी जसवंत सिंह लोधी पिता मोहन सिंह ने शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि बजौरा पंचायत के रोजगार सहायक चंद्रभान सिंह को तीन माह पहले खाद्यान्न पर्ची के लिए आवश्यक दस्तावेज दिए थे। जसवंत सिंह तीन बार चंद्रभान सिंह के पास गए लेकिन वह हर बार टाल देते हैं और उसकी खाद्यान्न पर्ची नहीं बना रहे हैं। जसवंत सिंह ने बताया कि वह मजदूरी करता है पात्र है फिर भी चंद्रभान सिंह के द्वारा उसकी पर्ची नहीं बनवाई जा रही हैं और कह रहे हैं कि तुमने मेरे पिताजी के सामने कहा कि दो बार कागज दिए हैं अब तुम्हारा काम जब हमें करना होगा करेंगे। जब इस बात की शिकायत जसवंत सिंह ने जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह से की तो चंद्रभान सिंह को कई बार फोन लगाने पर भी फोन रिसीव नहीं किया गया। जब इस संबंध में जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने जनपद सीईओ रामेश्वर पटेल से बात के तो उन्होंने कहा कि सोमवार को इनका काम हो जाएगा। जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने लापरवाही करने वाले रोजगार सहायक पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**हटा।** मडियादो वर्धा मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है। जानकारी के अनुसार जगदीश पिता पंचु काछी 40 निवासी बिजोरी जो की अपनी बहन के यहां मलवारा गांव जा रहा था कि मडियादो से बर्धा मार्ग पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार घायल हो गया। जिसे निजी वाहन से सिविल अस्पताल हटा लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार उपरांत हालत गंभीर होने के चलते 108 वाहन से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## तीन दिवसीय वाटरफाल मेला का हुआ शुभारंभ



**जागरण राहतगढ़।** नगर से 6 किलोमीटर दूरी पर बीना नदी में स्थित पर्यटन स्थल वॉटरफॉल पर लगने वाले तीन दिवसीय मेला महोत्सव का आयोजन आज शुक्रवार से प्रारंभ किया गया। जानकारी के अनुसार वाटरफॉल परिसर में प्रतिवर्ष लगने वाला तीन दिवसीय मेला जो कार्तिक माह की पूर्णिमा से लगता है। इसका आयोजन ईको पर्यटन विकास समिति गाजीखेड़ा द्वारा किया जा रहा है। समिति एवं वन विभाग द्वारा द्वारा इस बार उक्त मेला और भी भव्य तरीके से आयोजन करने की तैयारी की गई है। वन विभाग की ईको पर्यटन समिति गाजीखेड़ा राहतग? एवं प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी की जा रही है। साथ ही समिति ने सभी क्षेत्रवासियों से मेला आयोजन में शामिल होने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि वाटरफॉल मेला में बुंदेली संस्कृति परंपरा व्यंजन झूले व आनंद की झलक दिखाई देती है। यहां दुकानें झूले व अन्य आकर्षक मनोरंजन के साधन भी आकर्षण का केंद्र रहते हैं। वहीं श्रद्धालुओं द्वारा जलप्रपात वाटरफॉल परिसर में प्राचीन गणेश मंदिर तथा नदी की धारा में स्थित भीमसेन देव की पूजा अर्चना कर प्रसादी वितरित की जा रही है।

## सेवानिवृत शिक्षकों का किया स्वागत व सम्मान



**जागरण राहतगढ़।** ब्लाक के ग्राम परासरी कलां में स्थित शासकीय हाईस्कूल में सेवानिवृत शिक्षकों का विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हाईस्कूल परासरी कलां में पदस्थ शिक्षक टीआर अहिरवार शासकीय प्राथमिक शाला गाजीखेड़ा में पदस्थ पुरुषोत्तम लडिया एवं शासकीय प्राथमिक शाला पेखलोन से नंदराम लोधी के सेवानिवृत होने पर उनका शाल श्रीफल एवं पुष्पमालाओं से स्वागत व सम्मान किया एवं उन्हें विदाई दी। कार्यक्रम में शासकीय हाईस्कूल परासरी कलां प्राचार्य बीएस ठाकुर दीनदयाल गौर राघवेन्द्र गौर एमएल अहिरवार प्रियंका सिंघई सरोज पंथी मनीषा साहू जनशिक्षक राजेन्द्रसिंह गुर्जर इरफान सिद्दीकी घनश्याम रिछारिया देवेंद्र गौंड सहित समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## किसानों के लिए बीज मिनीकिट वितरण कार्यक्रम



**जागरण मालथौन।** रवि वर्ष 2024-25 में चना मसूर गेहूं कलस्टर प्रदर्शन एवं मसूर बीज मिनीकिट वितरण कार्यक्रम मालथोन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मालथोन में किसानों को मसूर बीज मिनीकिट किस्म कोटा .1 एवं एल 4727 का वितरण बल मालवीय बी एल मालवीय उपसंचालक कृषि जिला सागर जयंत सिंह बुंदेला नगर परिषद माल्थोन एवं श्रीमती राखी रघुवंशी जिला विवरण अधिकारी जिला सागर द्वारा किसानों को बीज वितरण किए गये एवं किसानों को जानकारी दी गई की बीज निगम सागर अथवा पंजीकृत निजी विक्रेताओं बीज उत्पादन समिति से गेहूं चना बीज बी क्रय करने की पश्चात बिल कृषि विभाग में जमा करने पर गेहूं पर 1000 एवं चना पर 2500 प्रतिकुंतल की पात्रता है जिसमें डीबीटी के माध्यम से किसान के खाते में अनुदान दिया जाता है बीज बीज वितरण के समय जनप्रतिनिधियो के साथ.साथ, के गुप्ता वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मालथोन, सुरेंद्र तिवारी श्रीमती पूजा यादव, देवीलाल गजेंद्र बछाने कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित थे।

### दीपदान कर की कार्तिक पूर्णिमा की विदाई

**जागरण बीना।** राधे राधे प्रभात फेरी मंडल ने कार्तिक माह के अंतिम दिवस भगवान लड्डू गोपाल, शालकराम जी एवं तुलसी की पूजा कर दीपदान कर कार्तिक माह को विदाई दी। मान्यता है कि हिन्दू पंचाग अनुसार कार्तिक माह हिन्दू धर्म का बहुत ही महत्वपूर्ण माह माना जाता है यह माह चार्तुमास का आखिरी महिना होता है। भगवान विष्णु चार माह के लिये छीर सागर में सयन करने चले जाते हैं और देवउठनी एकादशी को भगवान को उठो देव के जयकारों के साथ जगाया जाता है। शास्त्रों के अनुसार जालंधर का वध करने के बाद भगवान विष्णु चार माह आराम करने के लिए चले जाते हैं देवउठनी एकादशी पर भगवान चार माह की निद्रा से जागते हैं और इसी दिन से मांगलिग कार्यक्रम प्रारंभ होते हैं। जैसे विवाह, नीव पूजन, गृह प्रवेश, वाहन खरीददारी व्यापार या नया कार्य शुरू करने के लिये शुभ माना जाता है। इसलिए एकादशी को वर्ष भर में पढ़ने वाली एकादशी तिथियां में सबसे श्रेष्ठ माना गया।

## भगवान बिरसा मुंडा की जयंती भाजयुमो जिला अध्यक्ष ने छात्राओं के साथ मनाई



**जागरण सागर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष यश अग्रवाल ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर अनुसूचित जनजाति छात्रावास में छात्राओं के साथ कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में छात्राओं के बीच प्रेरक बातें साझा की गईं,जिसमें बिरसा मुंडा के जीवन और उनके संघर्षों के बारे में बताया गया।यश अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने देश की आजादी और आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनका जीवन सत्य,साहस और संघर्ष का प्रतीक है। उन्होंने समाज को एक नई दिशा देने के लिए अनेकों कठिनाइयों का सामना किया। बिरसा मुंडा की जयंती केवल एक आयोजन नहीं है,बल्कि उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लेने का अवसर भी है। कार्यक्रम के दौरान छात्रावास की छात्राओं को बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित प्रेरक कहानियां सुनाई गईं और उनके योगदान को समझाने के लिए विशेष चर्चा सत्र आयोजित किया गया। इसके अतिरिक्त,खाद्य सामग्री का वितरण भी किया गया। यश अग्रवाल ने बताया कि यह आयोजन युवाओं के बीच बिरसा मुंडा जी के विचारों को फैलाने के उद्देश्य से किया गया है।छात्राओं ने भी इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की और उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम में छात्रावास के प्रबंधन,युवा मोर्चा के सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम का समापन भगवान बिरसा मुंडा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए किया गया। इस अवसर पर यह संदेश दिया गया कि हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में समानता और न्याय स्थापित करने के लिए कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

### प्रकाश कुमार का निधन



**जागरण राहतगढ़।** ब्लाक के ग्राम मीरखेड़ी में प्रकाश कुमार का हृदय गति रुक जाने से स्वर्गवास हो गया। वह सरल सहज मिलनसार व कुशल व्यवहार के धनी थे। उनका ग्राम मीरखेड़ी स्थित शांतिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में सभी वरिष्ठजन व ग्रामवासी शामिल हुए। साथ ही उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### सोयाबीन उपार्जन केंद्र का शुभारंभ

**जागरण बीना।** शुक्रवार को विधायक निर्मला सप्रे ने किसानों के हितों को देखते हुये सोयाबीन उपार्जन केन्द्र का शुभारंभ किया गया। जहां पर किसान द्वारा लाये जाने वाले सोयाबीन का समर्थन 4892 रूपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। इस अवसर पर सप्रे ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की सच्ची हितैषी सरकार है और यह उपार्जन केन्द्र किसानों की मेहनत का सम्मान करते हुये उनके आर्थिक उत्थान का माध्यम बनेगा। उन्होनें किसानों की समस्याओं को सुनते हुये प्रशासनिक अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिये। उन्होनें कहा कि मैं हमेशा किसानों के साथ हमेशा खड़ी रही हूं और किसानों की मेहनत का सही मूल्य उन्हें दिलाना मेरी प्रथम प्राथमिकता है। किसानों ने विधायक का स्वागत करते हुये कहा कि विधायक किसानों के हितों की रक्षा के लिये हमेशा किसान के साथ हैं और यह केन्द्र किसानों की मेहनत का सम्मान है।

## बाल मेला : गोमती नंदन पब्लिक स्कूल में शिक्षकों ने लगाए खाने पीने के स्टॉल



**जागरण बीना।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन पूरे देश में बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। पं.जवाहरलाल नेहरू बच्चों से बहुत प्रेम करते थे और वह अपना जन्मदिन बच्चों के साथ ही मनाते थे। जिसके बाद से सभी स्कूलों में बड़े ही धूमधाम के साथ उनका जन्मदिन मनाया जाता है इसी तारतम्य में गुरूवार को गोंमती नंदन पब्लिक स्कूल में सबसे पहले चाचा नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इसके बाद स्कूल के डायरेक्टर विकास अग्रवाल ने बच्चों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए सभी को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने बच्चों के लिए गीत और नृत्य प्रस्तुत किए जिससे बच्चे काफी खुश हुये। इसके बाद एक प्रतिभा प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कक्षाओं के बच्चों ने सोलो और ग्रुप सिंगिंग, डांस, मिमिक्री, नाटक और स्किट जैसे शानदार प्रदर्शन किए। बच्चों ने अपनी कला और उत्साह से सभी का मन मोह लिया। बाल दिवस पर स्कूल के शिक्षकों ने बच्चों के लिये स्वादिष्ट व्यंजन तैयार कर स्टॉल लगाये। जो कि बच्चों ने स्टॉल से खाने पीने का सामान लेकर बड़े ही स्वाद से खाया जिस कारण स्कूल में मेले जैसा माहौल बन गया। सभी बच्चों और शिक्षकों ने इस खास दिन का भरपूर आनंद उठाया और खुशियों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### बाल दिवस पर निः शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण



**जागरण बीना।** बाल दिवस के अवसर पर बीओआरएल अस्पताल द्वारा ग्राम पार में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.मेधा भराडे ने ग्राम के सभी बच्चों की लंबाई, वजन, खून की कमी सहित सभी स्वास्थ्य परीक्षण किये। जिसके उपरांत उचित परामर्श प्रदान कर आवश्यकतानुसार बच्चों को निशुल्क दवाई वितरण की गई। डॉ.आशीष तिवारी द्वारा बच्चों को पौष्टिक आहार के सेवन एवं नियमित योगाभ्यास से होने वाले लाभों के विषय में जागरुक किया। शिविर में ग्राम पार तथा आस पास के क्षेत्र के 137 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

## सिख समुदाय ने मनाया प्रकाश पर्व



**जागरण बीना।** सिख एवं सिंधी समाज द्वारा गुरूनानक देव की 555 वीं जयंती प्रकाश पर्व के रूप में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। जिसमें सिख एवं सिंधी समाज द्वारा सुबह प्रभात फेरी निकाली गई। महावीर चौक स्थित कलगीधर गुरूद्वारे में विगत दिनों से अखंड पाठ का आयोजन किया जा रहा था जिसका प्रकाश पर्व के दिन समापन किया गया। अमृतसार से आये बीबी कौला भलाई केन्द्र द्वारा कीर्तन दरबार लगाया गया जिन्होंने रागी जत्थ शब्द कीर्तन किया। प्रकाश पर्व के उपरांत दोपहर 2 बजे से विशाल लंगर का आयोजन किया गया जो शाम 5 बजे तक चलता रहा। जिसके बाद रात्रि 8 बजे कवि का दरबार लगाया गया। प्रकाश पर्व के एक दिन पूर्व रात्रि 12 आतिशबाजी कर गुरूनानक देव का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से जश्न के रूप में मनाया गया। जिसके बाद गांधी वार्ड स्थित झूलेलाल मंदिर से सिंधी कॉलोनी के मुख्य मार्ग से प्रभात फेरी निकाली गई जिसका समापन वापिस झूलेलाल मंदिर पर किया गया। इस दौरान गुरू ग्रंथ साहिब का गुरू के रुमाल और फूल मालाओं से स्वागत किया गया। झूलेलाल मंदिर पर गुरु का प्रसाद लंगर का आयोजन किया गया। शाम को श्री गुरु नानक जन्म जयंती के अवसर पर केक काटा गया, आरती कर कीर्तन का आयोजन किया गया। पाठक वार्ड स्थित झूलेलाल मंदिर में रात्रि 8 बजे अरदास एवं कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के लोगों के साथ- साथ अन्य समाजों के लोग अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

## न्यूज कार्नर

### अनियंत्रित कार खेत में जाकर पलटी, पांच घायल

**रायसेन।** शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे सांची रोड पर पग्रेश्वर के पास एक अनियंत्रित कार सड़क किनारे खेत में जाकर पलट गई। हादसे में कार में सवार पांच लोगों को चोटें आई हैं। सभी युवक मंडला के निवासी बताए जा रहे हैं, जो भोपाल की ओर जा रहे थे। इस दुर्घटना में कार तेज गति से होने के कारण नियंत्रण से बाहर हो गई और सड़क किनारे खेत में जाकर पलट गई। मौके पर पहुंची पुलिस दीवानगंज 108 एंबुलेंस के डॉ. सुरेंद्र सिंह और पायलट नरेंद्र सिंह सभी घायलों को प्राइमरी उपचार देकर सांची सिविल अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए विदिशा रेफर किया गया है। सांची थाना पुलिस इस घटना की जांच कर रही है।

### कथा में कृष्ण सुदामा चरित्र की मनमोहक प्रस्तुति



**बरेली।** हनुमान मंदिर हरिओम नगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिवस के पर कथा व्यास पंडित राजेश शास्त्री ने बड़ी मनमोहक एवं करुण रस से उत्प्रेरित श्री कृष्ण भगवान एवं सुदामा मिलन की कथा सुनाई। व्यास पीठ से कथा व्यास पंडित राजेश शास्त्री ने कहा कि जब कृष्ण सुदामा मिलन हुआ तो श्री कृष्ण भगवान इतने करुणामई हो गए कि अपना सब कुछ सुदामा के प्रति निछावर करने लगे। कहावत है कि भक्त की भगवान हमेशा सुनता है वह किसी न किसी रूप में उसकी मदद करता ही रहता है। कथा विश्राम के बाद आदर्श महिला मंडल समिति के साथ बरेली नगर के सामाजिक कार्यकर्ता ओम शंकर विश्वकर्मा एवं उपेंद्र विश्वकर्मा ने अपनी तरफ से नगर भंडारे का आयोजन किया। आदर्श शिव महिला मंडल समिति की सदस्यों के द्वारा कथा व्यास पंडित राजेश शास्त्री को स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया गया।

### राज्य स्तरीय क्रिकेट के लिये चयनित छात्रा



**जागरण, गंजबासौदा।** भोपाल में आयोजित संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 08 नवबंर को किया गया था। जिसमें स्कूल की छात्रा इशिका वर्मा का चयन राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता हेतु किया गया है, जो कि दिनांक 24/11/2024 से 28/11/2024 तक दतिया में आयोजित की जाएगी। वात्सल्य स्कूल संस्था के संचालक प्रतीक कोह्ली व प्राचार्य एवं सभी शिक्षकों ने इशिका वर्मा और कोच मोनिका जैन को राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

### गुरूनानक देव जयंती पर हुआ आयोजन



**जागरण, सिरोंज।** सिख समाज के गुरु आराध्य देव गुरुनानक जयंती प्रकाश पर्व के रूप में मनाई गई। रावजी पथ स्थित गुरुद्वारे में समाजजनों के साथ शहरवासियों ने विशेष अरदास लगाते हुए संगत की। गुरुनानक जयंती के अवसर पर समाज के नागरिकों एवं माता बहिनों ने मिलकर प्रभातफेरी निकाली, इसके उपरांत गुरुद्वारे में गुरुग्रंथ साहिब के विशेष पाठ,प्रवचन एवं भजन कीर्तन हुए। इस दौरान गुरुद्वारे में सुबह से ही समाजसेवी संगठनों के कार्यकर्ताओं सहित दर्शनार्थियों की भीड़ देर शाम तक उमड़ती रही। दोपहर को शहर के लोगों ने भी गुरुद्वारे पहुंचकर शहर के नागरिकों की कुशलता की अरदास लगाई। इस अवसर पर समिति द्वारा लंगर की प्रसादी का भी वितरण आयोजन में उपस्थित सभी समाजजनों के बीच किया गया। इस दौरान मनमोहन साहू, अजित हिमथानी, मनीष बलेजा, सोनू सिंदी, मनोज शर्मा, सुमंत मित्तल, सचिन शर्मा अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे।

# देवी अहिल्याबाई रथ यात्रा का रायसेन में हुआ स्वागत



**जागरण, रायसेन**

प्रदेश के खरगोन जिले के महेश्वर से प्रारंभ हुई देवी अहिल्याबाई होल्कर की रथ यात्रा जो कि उत्तर प्रदेश के गोरखपुर तक जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में निकाली जा रही है। उक्त रथ यात्रा का आगमन शुक्रवार को जिला मुख्यालय रायसेन में हुआ।

जिला भाजपा कार्यालय के सामने स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल सांची विधायक डॉक्टर प्रभु राम चौधरी, जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, सहित अनेक भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने ढोल ढमाके के साथ रथ यात्रा की भव्य अगवानी की एवं फूल बरसाकर रथ यात्रा का जोरदार स्वागत किया। देवी अहिल्याबाई होल्कर की रथ यात्रा लंबा सफर तय करते हुए उत्तर प्रदेश के गोरखपुर पहुंचेगी, जिला भाजपा कार्यालय के सामने देवी अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा पर पुष्प हार पहना कर अभिवादन किया, इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ नारे लगाए। इस मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष आदित्य शर्मा, विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक अश्विनी पटेल, कार्यालय मंत्री जीतू ठाकुर, मीडिया प्रभारी सीएल गौर, ब्रज विश्वकर्मा, शुभम रावत, वरुण खत्री, प्रशांत विश्वकर्मा सहित शहर के अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा का 150 वां जन्म जयंती वर्ष गौरव दिवस के रूप में मनाया

# जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समा

**जागरण, रायसेन**

धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा का 150वां जन्म जयंती वर्ष के मौके पर रायसेन के वन परिसर में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ कन्यापूजन एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथियों ने भगवान बिरसा मुण्डा के छायाचित्र पर माल्यार्पण भी किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का लाईव प्रसारण भी देखा व सुना गया। बता दें कि रायसेन में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृर्ष अभियान तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिले में इस अभियान में 92 ग्राम चिन्हांकित किए गए हैं। इन सभी ग्रामों में शासन की जनकल्याणकारी, हितग्राही मूलक योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ जनजातीय वर्ग को दिया जाना है। साथ ही अद्योसंरचना से जुड़े कार्य भी किए जाएंगे। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत भी सांची जनपद के 22 ग्रामों में विगत एक वर्ष में योजनाओं का हितलाभ वितरण किया गया है। जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में जनजातीय थीम पर आधारित विभिन्न लोकगीत व लोकनृत्य की प्रस्तुतियां जनजातीय वर्ग के कलाकारों तथा छात्राओं द्वारा दी गईं। इसके अलावा आदिवासी पारम्परिक नृत्य, लोकगीत पर सैताम नृत्य व अन्य लोकगीतों सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। स्वास्थ्य राज्यमंत्री श्री पटेल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली सभी मंडलियों को पांच-पांच हजार रुपए देने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में बिरसा मुंडा स्व-रोजगार योजना, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, पीएम स्वनिधि योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, आयुष्मान भारत निरामयम योजनाओं के स्वीकृति पर व हितलाभ विभिन्न हितग्राहियों को प्रदान किए गए। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न योजनाओं के शिविर भी लगाए गए थे।



### अतिथियों ने किया संबोधित

कार्यक्रम को राज्यमंत्री श्री पटेल, सांची विधायक डॉ. चौधरी एवं भोजपुर विधायक श्री पटवा ने संबोधित करते हुए भगवान बिरसामुंड के चरित्र पर प्रकाश डाला तथा उनके द्वारा देश हित में किए कार्यों का उल्लेख किया गया। अतिथियों ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा जनजातीय समाज को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

**आस्था** | मां नर्मदा के तटों पर मेलों का आयोजन, दिनभर चले पूजा-भण्डारे

# कार्तिक पूर्णिमा पर आस्था की डुबकी

**जागरण, बरेली**

कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर प्रातः समय से श्रद्धालुओं का नर्मदा तट अलीगंज, मांगरोल, बगलबाड़ा सहित सबनी पहुंचना प्रारंभ हुआ, जो दोपहर समय तक देखने को मिला। नर्मदा तटों के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए वाहनों की व्यवस्था रहती है, अधिकतर श्रद्धालु तो अपने निजी वाहनों से आस्था की डुबकी लगाने के लिए नर्मदा जी पहुंचे।



नर्मदा तट ग्राम अलीगंज में कई श्रद्धालुओं के द्वारा भंडारों का आयोजन किया गया साथ ही हवन पूजा पाठ का दौरा दोपहर समय तक चलता रहा। शरद पूर्णिमा के दिन से प्रारंभ हुए कार्तिक पूर्णिमा 1 माह तक प्रारंभ रहता है इस दौरान महिलाएं प्रातः 4 बजे से उठकर स्नान कर भगवान विष्णु और लक्ष्मी जी की पूजन करती हैं। 1 माह तक मनाए गए कार्तिक माह का शुक्रवार को समापन हुआ। इस दिन प्रातः समय सेनर्मदा तट अलीगंज, सांडिया, मांगरोल, सिवनी सहित बगलबाड़ा नर्मदा तटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाते हैं। कार्तिक पूर्णिमा के चलते नगर प्रशासन के द्वारा नर्मदा तट पहुंचने वाले श्रद्धालुओं हेतु विशेष व्यवस्था की गई थी। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस दिन भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार धारण किया था। पुराणों में भी कार्तिक मास की पूर्णिमा का महत्व बताया गया है। इस दिन दान और स्नान का विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन कुछ कार्य अवश्य करने चाहिए इससे पुण्य फल की प्राप्ति होती है। शास्त्रों के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु ने अपना पहला अवतार मत्स्य रूप धारण किया और प्रलय काल के दौरान वेदों की रक्षा की थी। इसके साथ ही भगवान शिव ने इसी तिथि पर त्रिपुरासुर नामक राक्षस का वध किया था। जिससे सभी देवता बहुत प्रसन्न हुए थे और भगवान विष्णु ने महादेव को त्रिपुरारी नाम दिया और यह तिथि त्रिपुरी पूर्णिमा के नाम से जानी गई। इस दिन चंद्रोदय के समय भगवान शिव और कार्तिक की पूजा करने का विधान है। ऐसा करने से भगवान प्रसन्न होते हैं और अपना आशीर्वाद बनाए रखते हैं।

### सिंधी समाज ने धूमधाम से मनाया 555 वां प्रकाश पर्व

**रायसेन।** सिंधी समाज द्वारा गुरु नानक देवजी का 555वां प्रकाश पर्व भक्ति भाव एवं धूमधाम से मनाया। शुक्रवार सुबह मुखर्जी नगर स्थित गुरुद्वारा से प्रभात फेरी निकाली गई, जो मुख्य मार्गों से होते हुए पाटनदेव हनुमान मंदिर पहुंची। मंदिर में दर्शन कर प्रभात फेरी वापस गुरुद्वारा पहुंचकर समाप्त हुई। प्रभात फेरी में समाज की महिलाएं बच्चे और पुरुष वर्ग के सभी लोग शामिल हुए। इस दौरान समाज के लोग आयो लाल झूलेलाल, सतनाम वाहेगुरु, जय झूलेलाल के जयकारे लगा रहे थे। महिलाओं ने धार्मिक भजनों पर जगह-जगह नृत्य भी किया, इसके बाद गुरुद्वारा में निशान साहब की सेवा की गई। शबद कीर्तन, गुरबाणी साहिबजी पाठ कीर्तन और सामूहिक अरदास लंगर किया गया। सिंधी समाज के अध्यक्ष मोहन दास लालवानी, केपी लालवानी ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। देश की सुख समृद्धि के लिए गुरू नानक देव जी से प्रार्थना की। दिन भर गुरुद्वारे में आयोजन किए गए।

# आधी-अधूरी केबल डालकर भूले बिजली कंपनी के अधिकारी



**जागरण सांची**

नगर भर में बडे जोरशोर से मप्र विद्युत वितरण कंपनी ने बिजली खंभों से तार हटाकर केवल डालने का काम शुरू किया था। कुछ क्षेत्रों में केलव डाली गई इसके बाद केवल बिछाने का काम टांय टांय फिश होकर रह गया जिससे अनेक क्षेत्र तारों के भरोसे चल रहे है तथा बोल्टेज की समस्या से लोग परेशान हो रहे हैं।

पहले बिजली खंभों पर तार का जाल फैला हुआ था तथा इन तारों से लोग आसानी से डग्गे डालकर बिजली की चोरी कर लेते थे तथा कभी कभी बिजली टूटकर गिरने से दुर्घटना का अंधेशा बना रहता था। इस सब को ध्यान में रखते हुए मप्र विवि कंपनी द्वारा तार के जालों से छुटकारा दिलाने तथा बिजली चोरी रोकने के लिए नगर भर में बडे जोरशोर से खंभों से तार हटाकर उसके स्थान पर केवल डालने का काम शुरु कर दिया था। जिससे लोगों को बिजली की समस्या से छुटकारा तथा बोल्टेज के घटने बढने की समस्या से निजात मिलने की उम्मीद जागी थी, परन्तु मंडल एवं कंपनी के ठेकेदार द्वारा कुछ स्थानों पर केवल डाली तथा आधी अधूरी केवल डालकर इतिश्री कर ली। बताया जाता है इस केवल के साथ नये बिजली खंभे भी खडे किये जाने थे परन्तु इन बिजली खंभे खडे होने मे निजी भूस्वामियों ने भी अपनी आपत्ति जताई इस कारण यह काम अधूरा ही छोड़ मंडल अधिकारी बेफिक्रहोकर बैठ गए।

### कार्तिक माह के पूरे महीने सुबह 5 बजे निकाली जा रही थी प्रभातफेरी

# गुरूनानक देव के जन्मोत्सव पर पाठ कर किया गया लंगर का आयोजन



**जागरण, गंजबासौदा**

कार्तिक माह के पूरे तीस दिन पूज्य सिंधी पंचायत के सदस्यों द्वारा प्रातः 5 बजे से प्रभात फेरी प्रतिदिन निकाली गई। जिसमें बड़ों से लेकर बच्चों में भी खासा उत्साह रहा। वहीं गत शनिवार से गुरूनानक देव जयंती के उपलक्ष्य में गुरु ग्रंथ साहब की पवित्र वाणी का साप्ताहिक पाठ का आयोजन किया गया था, जिसमें पिछले 7 दिनों से लगातार नागपुर एवं कटनी के संतों द्वारा कथा कीर्तन एवं भजनों की प्रस्तुति दी जा रही थी। इसके साथ ही यहां सातों दिन भंडारे का आयोजन भी आयोजित किया जा रहा था। शुक्रवार को गुरु ग्रंथ साहब के पाठ की वाणी का समापन कर, आरती अरदास, लंगर प्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने प्रसादी ग्रहण की।



#### सांस्कृतिक आयोजन हुए

शाम 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें नन्हें मुन्ने बच्चों एवं नवयुवक मंडल ने फैंसी ड्रेस डांस, भजन एवं चुटकुलों के लिए बढ़-चढ़कर भाग लिया। वहीं प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वाले बच्चों को पूज्य सिंधी पंचायत के संरक्षक मंडल द्वारा पुरस्कृत किया गया।

आज शुक्रवार को गुरु ग्रंथ साहब के पाठ की वाणी का समापन हुआ जिसमें आरती अरदास लंगर प्रसादी भंडारे का आयोजन किया गया।

#### इंटेलीजेंट का आयोजन

पूज्य सिंधी पंचायत के सचिव सुरेश तनवानी ने बताया कि कौन बनेगा इंटेलिजेंट 2 सवाल जवाब का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें दो सही सवालों के जवाब पर इनाम के तौर पर वाशिंग मशीन, एलसीडी, मिक्सर, प्रेशर कुकर एवं प्रेस गिफ्ट के रूप में संरक्षक मंडल द्वारा श्याम वाधवानी के सौजन्य से भेंट किए गए। इस मौके पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी, जपं अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, जिला अध्यक्ष राकेश जादौन, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, पूर्व विधायक निशंक जैन सहित नगर के जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक थे।

### नेत्र शिविर में 356 नेत्र रोगियों की जांच कर दिया परामर्श



**जागरण, गंजबासौदा**

शासकीय अस्पताल में शुक्रवार को मंडी बामोरा में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें करीब 356 से अधिक मरीजों की जांच कर नेत्र रोगों से बचाव के तरीके व सावधानियां बताईं। इस अवसर पर 95 से अधिक मरीजों को मोतियाबिंद चिन्हित किया गया। वहीं 208 से अधिक लोगों को निशुल्क दवाइयां का वितरण किया गया। वहीं 40 लोगों को चश्मे के नंबर निकालने की सलाह दी गई।

वहीं लगभग 23 से अधिक लोगों को चश्मा प्रदान किए गए एवं अन्य लोगों को नेत्रों के बारे में सलाह दी गई। इस अवसर पर डॉ. उपासना पसतौर ने नेत्रों की जांच करवाने में अपना सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले, कैंप प्रभारी गोलू राठौर, डॉक्टर बीके, राव समाजसेवी आनंद मिश्रा एवं केल चौरसिया ने सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। साथ ही नेत्र चिकित्साक एवं आनंदपुर से आए स्टाफ का फूल मालाओं से स्वागत व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में डाक्टर, समाजसेवी व नेत्र रोगी उपस्थित थे।

# खाद की किल्लत एवं नगर को जिला बनाने किया आह्वान




**जागरण, गंजबासौदा**

क्षेत्र के किसानों को खाद की किल्लत से जूझना पड़ रहा है, जिसके चलते वह अपने खेतों में बोवनी तक नहीं कर पा रहे हैं। जिससे किसान समय पर बोवनी कर सकें। उक्त बात शुक्रवार को पुराने मेला ग्राउंड में पूर्व विधायक कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान पूर्व विधायक निशंक जैन ने कही।

उन्होंने कहा कि किसानों को डीएपी की कमी है। जिसके कारण वह समय पर अपनी गेहूं, चना, मसूर की बोवनी नहीं कर पा रहा है। सरकार द्वारा खाद की समस्या को देखते हुए, जितना खाद का स्टॉक किया जाना था और खाद आनी थी, उतनी समय पर आपूर्ति नहीं हो पा रही हैं। जिसके कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### जिला बनाने आहवान

प्रेसवार्ता के दौरान पूर्व विधायक निशंक जैन ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य परिसीमन आयोग का गठन करने के बाद लंबे समय से चली आ रही, गंजबासौदा को जिला बनाने की मांग भी अब जोर पकड़ने लगी है। क्षेत्र के सभी प्रमुख संगठनों को राजनीतिक दलों से ऊपर उठकर नगर को जिला बनाने के लिए पूरी ताकत के साथ अपनी मांग सरकार और परिसीमन आयोग के समक्ष रखना चाहिए। जिससे कि नगर को जिला का दर्जा मिले और क्षेत्र का विकास हो।

# बिरसा मुंडा जयंती पर आदिवासी परिवारों को कराया गृह प्रवेश



**जागरण, सिरोंज**

आदिवासी समाज के प्रेरणापुंज भगवान बिरसा मुंडा की जयंती कार्यक्रम आदिवासी बाहुल्य बस्ती समाजजनों के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विकासखंड की पंचायत नरखेड़ा जागीर के आदिवासी बाहुल्य गांव शंकरगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में विधायक उमाकांत शर्मा ने शामिल होकर यहां निवास करने वाली सहरिया जनजाति समाज के नागरिक परिवारों के साथ सामूहिक रूप से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव प्रसारण को भी सुना। इस दौरान उन्होंने गांव के प्रत्येक परिवार को मिले प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित हितग्राहियों का ग्रह प्रवेश भी कराया। इस अवसर पर समारोह पूर्वक आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि अल्प आयु में आदिवासी समाज, जनजाति समाज के कल्याण का ईश्वरीय काम करने वाले भगवान बिरसा मुंडा सदैव हमारे आदर्श रहें हैं। उन्होंने अन्याय एबं अत्याचार तथा भेदभाव के प्रति संघर्ष करने का हमें सन्देश दिया हैं। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा एक ऐसे शूरवीर थे, जिन्होंने अल्प आयु में ही समुचित आदिवासी समाज में चेतना का संचार कर दिया था हमें उनसे प्रेरणा लेना चाहिए। विधायक शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नरेंद्र मोदी एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकार का संकल्प है कि प्रत्येक आदिवासी भाई को अपना पक्का घर, हर घर में बिजली पानी, शौचालय की व्यवस्था करेंगे।

# बिरसा मुंडा जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ ताजपुर में मनाई

**जागरण, लटेरी**

जनपद पंचायत के ग्राम ताजपुर में भगवान बिरसा मुंडा के चित्र के समक्ष सभी अतिथियों एवं अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात सभी ग्राम वासियों एवं अतिथियों ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाइव उद्बोधन कार्यक्रम सुना गया।



इसके बाद भाजपा मंडल महामंत्री राम गुलाम राजोरिया ने कहा कि सिरोंज विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक उमाकांत शर्मा के निर्देशन में आज आपके ग्राम में यह जयंती समारोह का कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ, आदिवासियों के अस्तित्व, जल जंगल और जमीन के लिए अंग्रेजों के दांत खट्टे करने वाले महान आदिवासी योद्धा भगवान बिरसा मुंडा की आज 150वीं जयंती देश मना रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस विशेष दिन 15 नवंबर को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस नाम दिया है। जिसका आयोजन उनकी मंशा के अनुसार पिछले कई वर्षों से किया जा रहा है। आज इसे लेकर मध्य प्रदेश में भी कई कार्यक्रम आयोजित किये गए, पीएम मोदी ने मध्य प्रदेश के दो आदिवासी संग्रहालयों का वर्चुअली लोकार्पण भी किया। भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती के अवसर पर मध्य प्रदेश के शहडोल में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए, सीएम ने कहा ये हमारा सौभाग्य है कि भगवान बिरसा मुंडा ने 1857के स्वतंत्रता संग्राम से से पहले ही अंग्रेजों के षड्यंत्रों को समझ लिया था और हम सबके लिए जल, जंगल, जमीन का अधिकार सुरक्षित रखने के लिए संघर्ष किया, उन्होंने संघर्ष के लिए आदिवासियों को खड़ा किया इतना ही नहीं उन्होंने इसाई मिशनरीज के धर्मान्तरण के खिलाफ भी लड़ाई लड़ी, ऐसे महापुरुष के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

इस अवसर पर कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री भारत सिंह राजपूत भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकंवर बघेल ,विधायक प्रतिनिधि संजय अत्तू भंडारी नगर परिषद उपाध्यक्ष शिवचरण प्रजापति महेंद्र सिंह राजपूत भाजपा मंडल महामंत्री अनुविभागीय अधिकारी विनीत तिवारी , जनपद पंचायत सीईओ साहब , सरपंच भगवान सिंह लोधा, जनपद सदस्य प्रहलाद सिंह यादव गोपाल विश्वकर्मा सचिव राजेन्द्र शर्मा, वीर सिंह बघेल ,जितेंद्र रघुवंशी, सचिन शर्मा ,शिव ओम दुबे, पवन कुशवाह,कल्याण सिंह भील, जगदीश गुर्जर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## समीक्षा बैठक आज

**जागरण विदिशा।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह द्वारा पीएम जनमन एवं आकांक्षी जिला व खंड से संबंधित संपादित कराएं जाने वाले कार्यों की समीक्षा बैठक आज शनिवार को आयोजित की गई है। यह बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में सायंकाल चार बजे से शुरू होगी। जिला पंचायत सीईओ ने सर्व संबंधित विभागों के जिला व खंड स्तरीय अधिकारियों को विभागीय अपनी अपनी जानकारियों के साथ उपस्थित रहने की सूचनाएं संप्रेषित की गई है।


# जागरण विदिशा

विदिशा, 16 नवम्बर, 2024 | शमशाबाद, कुरवाई, ग्यारसपुर | www.djmp.in/epaper


## दुर्घटना से बचाव के लिए माकड्रिल का प्रदर्शन

**जागरण गुना।** भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा बीना कोटा पाइपलाइन द्वारा गुना जिले में लेवल -3 ऑफसाइट मॉकड्रिल करायी गई। जिसमे प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। जिसमें पुलिस विभाग से भरत नोटिया (डीएसपी) एवं अनूप भार्गव थाना प्रभारी कैंट मौजूद थे। इसके साथ गेल विजयपुर के और नगर पालिका के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## न्यूज कार्नर

### मंडी परिसर के पास से हटाया अतिक्रमण

**विदिशा।** कृषि उपज मंडी समिति के नवीन मंडी प्रांगण मिर्जापुर के मुख्य एवं पिछले द्वार से लगी भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाने का कार्य मंडी के द्वारा ही संपादित किया गया है। कृषि उपज मंडी की सचिव नीलकमल वैद्य ने बताया कि मंडी के मुख्य द्वार की दुकानों एवं शेष रिक्त भूमि पर हुए अतिक्रमण तथा कृषि उपज मंडी के पिछले गेट जिसे सौरई गेट के नाम से जाना जाता है के आस-पास हुए अस्थाई अतिक्रमण को मंडी के सहायक यंत्री आरपी साहू, उप यंत्री सुल्तानी, मंडी के सहायक उप निरीक्षक एवं अधिकारियों के द्वारा प्रभावशाली कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण को हटाया गया है। वहीं कच्चे निर्माण को तीन दिवस में हटाने के साथ ही दुकानों के सामने साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### राजस्व महा अभियान का तीसरा चरण शुरू हुआ

**विदिशा।** प्रदेशव्यापी राजस्व महा अभियान 3.0 15 नवंबर से शुरू हो गया। एक माह तक चलने वाले इस महा अभियान के तहत राजस्व से संबंधित तमाम कार्यों का संपादन किया जाएगा। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिले के समस्त राजस्व अधिकारियों व अमले को निर्देशित किया है कि राजस्व संबंधी तमाम समस्याओं का समाधान उक्त महा अभियान की अवधि के दौरान शत् प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि आम जनों की राजस्व संबंधी समस्याएं लंबित ना रहे का विशेष ध्यान रखते हुए चरणबद्ध तरीकों से अभियान के उद्देश्यों की प्राप्ति करें।

### श्रमदान से स्वच्छता का संदेश

**विदिशा।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिले की सभी निकायों में स्वच्छता अभियान में आमजनों की सहभागिता पर बल देते स्वच्छता संबंधी कार्यों को अधिक से अधिक संपन्न कराने हेतु निकाय अधिकारी को निर्देश दिए हैं कलेक्टर ने सभी एसडीएम को भी हर रोज प्रातः है निकाय के वार्डों में भ्रमण कर साफ-सफाई कार्यों का जायजा लेकर अधिक से अधिक कार्यों में सहभागिता दर्ज कराने के निर्देशों के अनुपालन में बासौदा एसडीएम से विजय राय के नेतृत्व में सुबह 8 बजे से गंजबासौदा में चल रहे। कैंप के प्रतिभागियों के साथ स्थानीय प्रशासन, नगर पालिका परिषद, ग्राम पंचायत के अमले के साथ गंज स्थित बेतवा रिपटा घाट पर स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान का आयोजन किया गया।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का अंतिम दिन

**विदिशा।** शूटिंग बॉल एसोसिएशन मध्यप्रदेश द्वारा सब जुनियर अंडर 17 एवं जुनियर अंडर 19 बालक एवं बालिका वर्ग 43बीं राज्यस्तरीय प्रतियोगिता 2024.25 इटावा में ची रही हैं यह प्रतियोगिता आज 16 नबंवर कोभी होगी। जिसमें राज्य के सभी जिलों से टीम सम्मिलित होंगी है। यहां से चयनित प्रतियोगी बोध गया बिहार में आयोजित हो रही 43 वी नेशनल शूटिंग बॉल प्रतियोगिता मे शामिल होंगे। आयोजन कमेटी कमेटी इटावा शूटिंग बॉल एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष मनेन्द्र प्रताप सिंह, सेक्रेटरी जितेन्द्र सिंह बघेल, कोषाध्यक्ष पवन बतानिया, संयुक्त सचिव रंजीत विश्नोई, संयुक्त सचिव जाकिर खान ने खिलाडियों शामिल होने की अपील की हैं।

### 16 नवंबर से मार्च माह तक कई मुहुर्त रहेंगे शादियों के

# अब शादियों की धूम, बाजार में रौनक करीब 50 करोड़ तक कारोबार की उम्मीद

जागरण विदिशा

दीपावली के बाद अब बाजार में फिर एक बार अच्छे कारोबार के उम्मीद बढ़ी है। 16 नवंबर से मार्च माह तक लगातार कई मुहुर्त शादियों के है और इन विवाह आयोजनों के तहत बाजार में खरीददारी शुरू हो चुकी है। बाजार में ग्राहकी की रौनक बढ़ने लगी है। इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा, सराफा, फर्नीचर, दोपहिया वाहन आदि में खास खरीदी को ध्यान में रखते हुए व्यापारियों ने भी अच्छा स्टॉक दुकान में रखा है और पूछपरख के साथ ही खरीदी भी शुरू हो चुकी है। व्यापार महासंघ के पूर्व महामंत्री एवं वरिष्ठ कपड़ा व्यवसायी घनश्याम बंसल की मानें तो इन शादियों के मुहुर्त के चलते यह व्यवसाय करीब 50 करोड़ तक पहुंचेगा।

मालूम हो कि शादियों का सीजन व्यापारियों के लिए मुख्य माना जाता है। इस वर्ष नवरात्र के बाद दीपावली और अब शादियों के मुहुर्त से व्यापार की सेहत सुधरी है। बाजार में लगातार चहल पहल बनी हुई है। नवंबर से शुरू यह व्यवसाय लगातार पांच माह तक चलना है। इसके तहत व्यापारियों ने अपनी पूरी तैयारी कर रखी है। कई दुकानों का पहले की अपेक्षा विस्तार हो चुका है और ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए स्टॉक भी काफी रखा गया है। बाजार में खासकर इलेक्ट्रानिक्स, फर्नीचर एवं दोपहिया वाहनों की अच्छी बिक्री की उम्मीद लगाई जा रही है। वहीं शादियों पर ग्राहकों को अपनी ओर आकृषित करने के लिए भी व्यापारी अपने स्तर पर भी स्कीम लागू करने पर विचार कर रहे हैं ताकि व्यवसाय करने के साथ ही ग्राहक भी स्कीम में लाभान्वित हो सकें। वहीं आगामी दिनों में सर्दी बढ़ने से गर्म कपड़ों का भी अच्छा व्यवसाय होने की उम्मीद व्यापारी जता रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि शादी के इस सीजन में लोगों के पास पर्याप्त धन है। अनाज खरीदी व विक्रय का समय होने से अनाज मंडी में बड़ी संख्या में किसान अपना अनाज बेंच रहे है। सोयाबीन व धान की अच्छी पैदावार होने से मंडी में आवक बढ़ी हुई है। हर दिन मंडी में 20 हजार से 30 हजार क्विंटल अनाज की आवक हो रही जिससे हर दिन करीब 8 से 10 करोड़ का नकद भुगतान अनाज विक्रय में किसानों को हो रहा है और शादियों के आयोजन के कारण यह राशि बाजार में ही आना है। इसलिए यह पांच माह अच्छे व्यवसाय के रहने की उम्मीद व्यापारी रख रहे हैं।



### शादी हाल, मैरिज गार्डनों की चल रही बुकिंग

इधर शहर के शादी हाल, मैरेज गार्डन में भी लोगों का आना-जाना पहले से ही बना हुआ है। शादियों के अधिक मुहुर्त होने से लोग लोग शादी हाल, मैरेज गार्डनों की बुकिंग पहले ही कर चुके वहीं अभी भी कई लोगों को शादियों के लिए स्थान की तलाश है। कुछ मैरेज गार्डनों बुकिंग हो जाने से लोग धर्मशालाओं में आयोजन के लिए संपर्क कर रहे हैं। मालूम हो कि शहर में 25 से अधिक मैरेज गार्डन धर्मशालाएं व शादी हाल है और शादियों के सीजन में इनकी बुकिंग पहले ही हो जाने पर सड़कों पर भी टेंट लगाकर लोग शादियां करने को मजबूर रहते हैं।

### नवंबर से मार्च तक शादियों के 47 मुहुर्त

शादियों के मुहुर्त देखें तो 16 नवंबर से मार्च माह तक शादियों के करीब 47 मुहुर्त है। न केवल शहरी क्षेत्र बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में भी इस दौरान सैकड़ों की संख्या में विवाह आयोजन होना है। शहर ग्रामीण क्षेत्र से भी जुड़ा है और फिर विभिन्न कार्यों के कारण भी लोगों को जिला मुख्यालय आना होता है। इससे बाजार की ग्राहकी में उठाव बना रहता है। इधर धर्माधिकारी पं. विनोद शास्त्री के मुताबिक देवउठनी एकादशी के बाद सभी मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष सूर्य का वृश्चिक राशि में प्रवेश 16 नवंबर को हो रहा है। सूर्य का वृश्चिक राशि में प्रवेश होते ही सभी मांगलिक कार्य शादी विवाह गृह प्रवेश, भूमि पूजन, यज्ञोपवीत संस्कार, देव प्रतिष्ठा आदि सभी धार्मिक एवं मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि नवंबर में आठ मुहूर्त विवाह के रहेंगे इसमें 17 नवंबर, 18 नवंबर,22 नवंबर ,23 नवंबर, 24 नवंबर ,25 नवंबर, 26 नवंबर, 30 नवंबर विवाह के मुहुर्त है। वहीं दिसंबर में भी आठ ही मुहूर्त विवाह के रहेंगे जिसमें 2 दिसंबर, 3 दिसंबर, 4 दिसंबर, 5 दिसंबर, 9 दिसंबर, 10 दिसंबर, 14 दिसंबर, 15 दिसंबर में विवाह हो सकेंगे। इसी तरह जनवरी में भी आठ मुहूर्त विवाह के है और 16 जनवरी, 17 जनवरी 18 जनवरी, 20 जनवरी, 21 जनवरी, 22 जनवरी, 24 जनवरी, 26 जनवरी को विवाह कार्यक्रम हो सकेंगे। वहीं फरवरी में 17 मुहूर्त विवाह के रहेंगे जिसमें 2 फरवरी, 3 फरवरी, 6 फरवरी, 7 फरवरी, 8 फरवरी, 12 फरवरी, 13 फरवरी,14 फरवरी, 15 फरवरी, 16 फरवरी, 18 फरवरी, 20 फरवरी, 21 फरवरी, 22 फरवरी, 23 फरवरी, 24 फरवरी, 25 फरवरी और मार्च में 6 मुहूर्त विवाह के रहेंगे जिनमें 1 मार्च, 2 मार्च, 6 मार्च,7 मार्च, 12 मार्च, 14 मार्च को विवाह हो सकेंगे।

## पुलिस की कार्यवाही: आरोपी से एक करोड़ की अचल संपत्ति जप्त

**जागरण विदिशा।** बेतवांचल इंडिया निधि लिमिटेड के मामले में पुलिस ने आरोपी की करीब 1 करोड़ की संपत्ति जप्त की है। पुलिस के मुताबिक 19 अक्टूबर को फरियादी सौरभ लोधी द्वारा एक लिखित आवेदन पत्र बेतवांचल इंडिया निधि लिमिटेड के विरुद्ध प्रस्तुत किया गया था जिसकी जांच के दौरान आरोपी बृजेश राजपूत तथा उसके अन्य साथियों के विरुद्ध थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज किया गया था। 12 अक्टूबर को आरोपी बृजेश राजपूत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। 12 नवम्बर को आरोपी बृजेश राजपूत का पीआर लिया गया। जहां पर एसपी ने आरोपी बृजेश राजपूत द्वारा स्वेच्छापूर्वक बेतवा आंचल इंडिया निधि लिमिटेड में ग्राहकों द्वारा जमा पैसों का उपयोग कर उसके स्वयं द्वारा तथा उसके भाई दीपेश और उसकी पत्नी प्रियंका राजपूत के नाम से कुल सात संपत्तियां कीमती करीब 1 करोड़ रुपए के आसपास की खरीदी जाना बताया गया। जिसमें से पहली संपत्ति मेरे वह मेरे भाई दीपेश राजपूत के नाम पर मिर्जापुर वार्ड क्रमांक 33 में 2475 स्क्वायर फिट, दूसरी संपत्ति मेरे नाम पर ग्राम भगवानपुर तहसील शमशाबाद में स्थित कृषि भूमि .836 हेक्टेयर, तीसरी संपत्ति मेरे नाम पर ग्राम काफ में स्थित 1.254 हेक्टेयर कृषि भूमि, चौथी संपत्ति मेरे नाम पर ग्राम तमुरिया तहसील जिला विदिशा में स्थित मकान 1000 स्क्वायर फिट, पांचवी संपत्ति मेरे नाम पर ग्राम सूआखेड़ी हवेली स्थित .418 कृषि भूमि, छठवीं संपत्ति मेरे भाई दीपेश राजपूत के नाम पर ग्राम महेंद्र तहसील गुलाबगंज में स्थित 1.1 हेक्टेयर कृषि भूमि, सातवीं संपत्ति मेरी पत्नी के नाम पर वार्ड क्रमांक 22 उदय नगर कॉलोनी स्थित एक प्लाट 750 स्क्वायर फिट है।

# समाज को घर बैठे मिल रहा योजनाओं का लाभ

## भगवान बिरसा मुण्डा जयंती कार्यक्रम में बोले प्रदेश अध्यक्ष

जागरण विदिशा

भगवान बिरसा मुण्डा का 150वां जन्म जयंती वर्ष पर आयोजित जनजातीय गौरव दिवस समारोह का आयोजन विदिशा जिला मुख्यालय पर भी हुआ है।

ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित व कन्या पूजन कर किया गया है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश सहरिया जनजाति वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष फूल सिंह सहरिया ने कहा कि शासन-प्रशासन के द्वारा जिले में सहरिया जनजाति वर्ग के नागरिकों को घर बैठे शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। यह पहले कभी संभव नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि जनजाति वर्ग के नागरिकों को पूर्व में दिए गए पट्टे व वन भूमि पर काबिज होने के दस्तावेज और प्रदान किए जाएं। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि शासन हमारे वर्ग जो बच्चों स्कूल नहीं जा पा रहे उनके लिए ऐसी व्यवस्था करें की उनका लगाव शिक्षा के प्रति बढ़े उन्होंने सजातीय नागरिकों से कहा कि विकास मुखी के इस सुनहरे अवसर का अधिकार से अधिक लाभ उठा कर स्वयं को मजबूत करें और समाज को विकास रुपी मजबूती प्रदान करें। कार्यक्रम को श्याम सुंदर शर्मा, कैलाश रघुवंशी ने भी संबोधित किया ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार राज्य के जमुई में तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शहडोल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उक्त कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखने सुनने के प्रबंध जिला स्तरीय कार्यक्रम में सुनिश्चित किए गए थे। वहीं कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, विदिशा जनपद पंचायत अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी, संदीप सिंह डोंगर ने साठ लाख की लागत से बनाए जाने वाले चार समुदायिक भवन निर्माण कार्यों की शिलापट्टिका का अनावरण किया।



## नदी किनारे मिला नवजात का शव पुलिस कर रही जांच

जागरण विदिशा।

कुरवाई में शुक्रवार को बेतवा नदी किनारे नवजात का शव मिलने का मामला सामने आया है, जिससे आस-पास लोगों में हड़कंप की स्थिति रही। सूचना के बाद पुलिस में मौके पर पहुंचकर शव को बरामद करके मामले की जांच शुरू कर दी है। सुबह बेतवा नदी के छोटे पुल के पास में एक नवजात का शव मिलने की जानकारी लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नवजात के शव को पानी से निकला और अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने नवजात को मृत बताया और पोस्टमार्टम के लिए विदिशा के मेडिकल कॉलेज के लिए रेफ्र कर दिया। नवजात की उम्र एक दिन के बताई जा रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के इलाकों में जानकारी ली जा रही है। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है ताकि इसका खुलासा हो सके कि आखिर किसने नवजात को पानी में फेंका है।

## गुरूनानक जयंती: गुरूद्वारा एवं झूलेलाल मंदिर में हुआ लंगर



जागरण विदिशा

शुक्रवार को गुरूनानक जयंती प्रकाश पर्व उत्साह से मनाया गया। इस दौरान गुरू द्वारा में अखंड पाठ की समाप्ति हुई और और विभिन्न आयोजन के साथ ही लंगर का आयोजन भी किया गया।

वहीं पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा प्रति वर्ष की भांति गुरु नानक देव की जयंती प्रकाश पर्व उत्सव का आयोजन झूलेलाल मंदिर सिंधी कॉलोनी डंडापुरा में धूमधाम से किया गया। ऑडिटर रवि तलरेजा ने बताया कि सर्वप्रथम गुरु ग्रंथ साहिब के साप्ताहिक पाठ का समापन भोग साहिब गुरुवाणी, शबद कीर्तन, आरती एवं अरदास के साथ किया गया एवं समाज पुरोहित पंडित राकेश शर्मा मुखारविंद से सत्संग कर भजन कीर्तन किया। तत्पश्चात प्रसादी वितरण भंडारा लंगर किया गया। इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष दीवान मंगतानी, मुरलीधर थावरानी, महेश कमरानी, शंकर लाल छुगानी पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारी, समाज के समस्त वरिष्ठ गण, महिलाएंए युवा तथा बच्चे भी पूरे उत्साह के साथ सम्मिलित हुए।

## आबकारी विभाग के अमले ने पकड़ी करीब 29 हजार से अधिक की देशी मदिरा

जागरण विदिशा।

कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में आबकारी विभाग द्वारा जिले की सीमा क्षेत्रों में अवैध मदिरा के क्रय विक्रय व परिवहन पर सतत नजर रखी जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही ने बताया कि विभाग में एक पृथक से प्रकोष्ठ गठित कर सहायक आबकारी अधिकारी मुकेश मौर्य को नोडल नियुक्त किया गया है। गुप्त प्राप्त सूचनाओं के आधार पर उक्त प्रकोष्ठ के सदस्यों द्वारा कार्यवाहियों को मुर्तरूप दिया जा रहा है। इसी कड़ी के तहत संपादित किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए सहायक आबकारी अधिकारी मौर्य ने बताया कि विदिशा जिले के वृत्त सिरोंज के अंतर्गत मुखबिर की सूचना पर ग्राम राजीखेड़ी में अभियुक्त लक्ष्मण सिंह दांगी के रिहायशी मकान से विधिवत तलाशी लेने पर 6 कागज के कार्टून में भरे कुल 292 पाव अवैध देसी मसाला मदिरा बरामद की गई। जिसे कब्जे आबकारी लेकर आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। सहायक आबकारी अधिकारी मुकेश मौर्य ने बताया कि जब्तशुदा मदिरा का बाजार मूल्य 29 हजार 200 रुपये लगभग आंकलित की गई है ।

# ज्ञापन: रात 12 बजे तक खुलें होटल व भोजनालय

जागरण विदिशा

व्यापार महासंघ और खाद्य विक्रेता संघ के पदाधिकारी शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने एसपी रोहित काशवानी से मुलाकात कर पुलिसकर्मियों की शिकायत करने के साथ प्रतिष्ठान होटल, भोजनालय को रात को 12 बजे तक खोलने की अनुमति मांगी। उन्होंने बताया कि विदिशा रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर देर रात तक यात्री आते हैं। उन्हें भोजन की व्यवस्था नहीं हो पाती, ऐसे में देर रात 11. 30 से 12 बजे के बीच तक दुकान खोले जाने की अनुमति मांगी गई है। इसके ही व्यापारियों ने बताया कि पुलिसकर्मियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार और आपत्तिजनक तरीके से व्यवहार करते है। सारे व्यापारी उस की निंदा करते हैं।



व्यापारी नीरज चौरसिया ने बताया कि बस स्टेंड और रेलवे स्टेशन के आसपास स्थित लॉज होटल, भोजनालय को रात के 11.30 बजे तक खोलने की अनुमति मांगी गई है। रात के समय पुलिसकर्मी दुकानदारों के साथ अभद्र व्यवहार करते है। उनको जल्दी दुकान बंद करने के लिए बोला जाता है। जिसके कारण व्यापारी और ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। व्यापारी ने बताया एसपी पुरोहित काशवानी ने उन्हें आश्वासन दिया कि पुलिसकर्मियों द्वारा व्यापारियों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाएगा। व्यापारी अब रात को 11.30 तक अपनी दुकान खोल सकते हैं ।

दरअसल एसपी पुरोहित काशवानी ने शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए रात को 11 बजे तक बाजार बंद कराने की निर्देश दिए थे।

### विद्यालयों की सुरक्षा संबंध में जारी हुए दिशा निर्देशों को लेकर ली स्कूल संचालक एवं प्राचार्यों की बैठक

# स्कूलों में सीसीटीवी कैमरों को लेकर कलेक्टर का फोकस

जागरण विदिशा

जिले के विद्यालयों में सुरक्षा के संबंध में जारी दिशा निर्देशों से अवगत कराने के उद्देश्य से उमावि हाईस्कूल, सीबीएसई बोर्ड के स्कूल संचालकों और प्राचार्यों की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने विद्यालय में सुरक्षा के संबंध में स्कूल संचालकों और प्राचार्यों को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कहा कि विद्यालयों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से जो भी आवश्यक प्रबंध हैं वह सुनिश्चित कराए जाएं। स्कूल परिसर में सीसीटीव्ही कैमरे अवश्य लगे हों। यह भी सुनिश्चित करें कि कैमरे बंद ना हो कैमरा 24 घंटे क्रियाशील रहें। स्कूल परिसर के साथ-साथ स्कूल के बाहर के रास्तों में भी सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखा जाए। सीसीटीवी कैमरों की सतत निगरानी की जाए इसके लिए एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था भी हो। विद्यालयों में शौचालय में भी बेहतर प्रबंध हों, स्कूलों में बच्चों को लाने ले जाने वाले वाहन चालकों का सत्यापन भी करा लें। उन्होंने बीना में एक बच्ची के खुली वैन से गिरने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना को रेखांकित करते हुए कहा कि विद्यालय प्रबंधन यह सुनिश्चित कराएं कि बच्चों को स्कूल छोड़ने वाली स्कूल वैन पीछे से खुली ना हो। बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से यह बिंदु बेहद ही आवश्यक है। कलेक्टर ने सुरक्षा के साथ-साथ मौलिक कर्तव्यों के संबंध में भी जानकारी दी की बच्चे हमारी भावी पीढ़ी हैं देश का भविष्य हैं। बच्चे भविष्य में एक अच्छा नागरिक बनें इस उद्देश्य से शिक्षकों द्वारा बच्चों को अपने मौलिक कर्तव्यों से भी अवगत कराया जाए। जैसे कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना, अपने परिजनों को अवगत कराना कि वह वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें सहित अन्य बिंदुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इसके अलावा उन्होंने स्कूल सिलेबस, यूनिफॉर्म सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री के संबंध में किसी विशेष संस्था या दुकान से शैक्षणिक सामग्री क्रय करने के लिए ना कहा जाए के संबंध में भी अवगत कराया।



सीसीटीवी कैमरे विद्यालय और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। कंट्रोल रूम विद्यालयों में कंट्रोल रूम बनाए जाएं और सुरक्षा गार्ड तैनात किए जाएं।

### स्कूल कैंपस में कहीं भी न हो ब्लैक स्पॉट: एसपी

एसपी रोहित काशवानी ने स्कूल संचालकों और प्राचार्य को अवगत कराते हुए कहा कि स्कूलों में बच्चों को लाने ले जाने वाले स्कूल वाहनों के बस ड्राइवर, केयरटेकर का पुलिस वेरिफिकेशन अवश्य हो इन सभी के संपर्क नंबर भी रिकॉर्ड में दर्ज किए जाएं। विद्यालयों के बाहर यदि असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगता हो तो इस संबंध में पुलिस, प्रशासन को अवगत कराएं। विद्यालय में सतत निगरानी के संबंध में सीसीटीवी आवश्यक रूप से लगे हों, सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था हो। पूरे कैंपस में कोई भी ब्लैक स्पॉट ना रहे। सभी स्थलों पर प्रकाश के पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित हों का भी विशेष ध्यान रखें। उन्होंने स्कूल भवन, कक्षाओं शौचालय सहित अन्य कक्षों का विद्यालय की छुट्टी होने के उपरांत आवश्यक रूप से जांच लिया जाए तथा विद्यालय खुलने के पहले भी इन सब की जांच की जाए। स्कूल भवनों में छात्र-छात्राओं समस्त स्टाफ की आपातकालीन निकासी की व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें। विद्यालय के समस्त स्टाफको आईडी कार्ड दिए जाएं। वाहनों की फिटनेस सर्टिफिकेट, बीमा सुरक्षा कागज, परमिट, ड्राइवर लाइसेंस इत्यादि पूर्ण हो। वाहनों में विद्यालय का नाम नंबर पता अवश्य दर्ज हो। साथ ही वाहनों में प्राथमिक उपचार की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई। इसके अलावा विद्यालय में हेल्पलाइन नंबर, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, साइबर अपराध, पॉक्सो एक्ट, जेजे एक्ट इत्यादि की जानकारी से भी अवगत कराया जाए।


## कार्यालय श्रीरामलीला मेला समिति, विदिशा (म.प्र.)

### निविदा-आमंत्रण

श्रीरामलीला एवं मेला व्यवस्थाओं हेतु रंगाई-पुताई (सामग्री एवं मजदूरी), विद्युत डेकोरेशन/साउण्ड सिस्टम, विद्युत लेवर कार्य, टेंट सामग्री, साइकिल स्टेंड, फ्लेक्स प्रिटिंग, होर्डिग्स, ग्लोसाइन बोर्ड, नल सामग्री, रावण व अन्य पुतले, आतिशबाजी, डस्ट व चूरी, बेवसाईट मेन्टीनेंस कार्य, बैंड बाजा, बॉल एलईडी स्क्रीन आदि से संबंधित निर्माताओं/विक्रेताओं/व्यक्तियों/ठेकेदारों से समिति दिनांक 24/11/2024 दिन रविवार दोपहर 03:00 बजे तक निविदायें आमंत्रित करती हैं जो कि उसी दिन शाम को 04:00 बजे समिति कार्यालय पर खोली जावेगी। शर्तों एवं विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय समय में कार्यालय पर संपर्क करें। आतिशबाजी हेतु वैद्य लाईसेंस आवश्यक हैं एवं G.S.T. नियमों का पालन अनिवार्य है।

(www.ramleelavidishamp.org) मानसेवी सचिव

**संपर्क मोबाइल:- 9575963404, 9981003130**

**झूले/जादू/खेल-तमाशे आदि सहित अन्य मेला में विक्रय योग्य सामग्री से संबंधित लोग/व्यावसायी व्यवसाय हेतु सादर आमंत्रित हैं।**